EDII

Rashtriya Judgment Buero

September 13, 2023

राष्ट्रीय महिला आयोग और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा महिला उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय जजमेंट ब्यूरो

रायबरेली। राष्ट्रीय महिला आयोग और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद पूरे भारत वर्ष में संभावित महिला उद्यमियों के लिए 100 उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित का आयोजन कर रहे हैं इसी क्रम में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विस्वास संस्थान रायबरेली में किया गया आज किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ वक्ताओ द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्वागत उद्बोधन के साथ हुओ राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के जिला विकास अधिकारी (डीडीएम) रवि शंकर, जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक रण विजय सिंह, फिरोज गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर एंड टेक्नोलॉजी से प्रोफेसर डॉ मल्लिका त्रिपाठी एवम डॉ शिल्पी ऋषि, विस्वास संस्थान से विपिन बाजपाई, एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान से परियोजना अधिकारी अभिषेक नंदन ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में उद्यम के मुख्य विषय जैसे उद्यमी के गुण, उद्यमी बनने के फायदे, उद्यम अवसर की पहचान एवं चयन, उद्यम स्थापना प्रक्रिया, समस्या समाधान, मार्केटिंग, किस कार्य के लिए किससे मिले इत्यादि और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ की जानकारी दी गयी।

रवि शंकर ने नाबार्ड की महिला उध्मिता पर जोर देते हुए इसे महत्वपूर्ण बताया और विभिन्न परियोजनाओ की चर्चा एवम संवाद किया। राय बरेली जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक द्वारा जनपद में संचालित योजनाओ जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना (पीएमईजीपी) के बारे में विस्तृत जानकारी दिया और योजना की पात्रता, ऋण की सीमा और आवेदन प्रक्रिया, विभागीय सहायता एवं कौन कौन से कार्य योजना में नहीं शामिल हो सकते है की पूरी जानकारी दी इसके अलावा अन्य संचालित योजनाओ जैसे ओडीओपी, मुख्यमंत्री युवा स्वा रोजगार योजना विस्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, हस्त शिल्प पेंशन योजना इत्यादि के बारे में जानकारी दिया और मोबाइल ऐप उद्यम सारथी की महत्ता बताई अभिषेक नंदन ने भाग लेने वाली महिलाओं को उद्यम को करियर का प्रथम विकल्प अपनाने पर जोर दिया। विश्वास संस्थान से विकास बाजपाई ने प्रतिभागियो को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम से जनपद में महिला उद्यमियों में जागरूकता आयेगी और वे बेहतर कौशल विकास और उद्यमी बनने के बारे में जरूर आगे बढ़ेगी।